पश्चिमी फैशन के वर्चस्व के सामने भारतीय पहनावा मजाक का विषय बनता जा रहा है। ग्रामीण व स्थानीय पहनावे को आज तिरस्कार की दृष्टि से देखा जाता है। भारतीय स्त्रियों के परंपरागत पहनावा विदेशी संस्कृति के सामने घृणा की वस्तु बन चुका है। रवीन्द्र कालिया का कथन इस यथास्थिति का प्रमाण है-

'दो किलो का जूड़ा बना कर ये औरतें सोचती हैं, वे बहुत आधुनिक हैं। दरअसल जब ये बीसियों साल पहले भारत से यहाँ आयी थीं, उन दिनों हेमा मालिनी, आशा पारिख और नंदा जैसी अभिनेत्रियाँ ऐसे जूड़े बनाया करती थीं। ये आज भी उसी युग में जी रही हैं। इन बेचारियों को पता ही नहीं कि भारत की आधुनिकाएँ अब जूड़ा नहीं बनाती, कंधों पर बाल डाले मस्ती से घूमती हैं। ये औरतें अपने तथाकथित स्तनों को बार बार दुपट्टे से ढाँपती रहती है।'[14]

आभूषणों की परंपरागत शैली अब आधुनिकता की चपेट में आकर अपनी अर्थवत्त खो चुकी है। आधुनिक फैशन की दुनिया में गहनों का महत्त्व कम होता जा रहा है-

'ये पंजाबी औरतें कब समझेंगी कि इनके गहनों का फैशन पुराना पड़ चुका है। अब भारत में भी कोई औरत फानूस की तरह झूलने वाले बुंदे नहीं पहनती।'[15]

हर व्यक्ति जवान और सुन्दर दिखना चाहता है। व्यक्ति की इस मानसिकता को परख कर सौन्दर्य बढ़ाने का दावा करने वाले अनेक उत्पाद बाज़ारू संस्कृति ने पेश किए। सौन्दर्य प्रतियोगिता की प्रत्येक वस्तु (प्रोडॅक्ट) एक फोन कॉल के जरिए घर मँगवाए जाने की सुलभता आधुनिक समय की देन है-

'इस पोस्ट-ग्लोबल दुनिया में जवान दिखना, सुन्दर दिखना और वजन घटाना अरबों-डॉलरों का कारोबार है।...घर बैठे मालिश करने वाला तकिया आ जाए, सेंक करने वाली बिजली की थैली आ जाए, बाल उगानेवाला लोशन आ जाए, गोरा करने की क्रीम आ जाए, तो और क्या चाहिए?'[16]

ब्रांडिड संस्कृति ने पूरे विश्व की तस्वीर बदल डाली। विभिन्न कम्पनियों ने अपने-अपने ब्रांड बाज़ार में उतार का व्यक्ति के सामने विकल्प पैदा किए। बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ विश्व के हर कोने में अपने ब्रांड की बिक्री हेतु बाज़ार की खोज में यात्राएँ करती है। एडीडास, नाइक, मोण्टी कारलो, प्यूमा, ओनली, न्युमेरो, पेपे इत्यादि अनेक ब्रांड नाम आज के युवाओं की प्राथमिकता है। विदेशी ब्रांडों के सामने क्षेत्रीय लघु उद्योग (खादी भंडार) टिक नहीं पाए। आज सुदूर क्षेत्र के छोटे से गाँव में विदेशी वस्तुओं की भरमार है।

व्यक्ति के व्यक्तित्व को उसके गुणों से नहीं, वरन् पहनावे से सम्बद्ध करके आंका जाने लगा। व्यक्तित्व को उच्च स्तरीय बनाने के लिए कीमती ब्रांडों का अपना दावा है। 'सादा जीवन उच्च विचार' अब बीते ज़माने की बात हो गयी है-

'मुझे यह बात किसी भी तरह नहीं जँचती थी कि अगर मैंने वुडलैण्ड के जूते नहीं पहने, पीटर इंग्लैण्ड की कमीज़ नहीं पहनी, जोएडिक की टाई नहीं लगायी, ली की पतलून नहीं पहनी, एंकर के कफलिंक नहीं लगाए, ओल्डस्पाइस का आफ्टरशेव नहीं थोपा और टाइटन की घड़ी नहीं बाँधी तो मैं कुछ कम आदमी हूँ या हो जाऊँगा। मुझे नहीं लगता कि इसकी कोई तुक या सीमा है। कलाई घड़ी सौ रुपये से लेकर एक लाख रुपये तक की मिलती है। तथाकथित स्तरीय सामान अक्सर से ज्यादा घटिया साबित होता है। ब्राण्ड बनानेवाले उनका विज्ञापन भी हमीं से करवाते हैं। मैं समझ नहीं पाता था कि क्यों मुफ्त में अपने चश्मे पर रेबेन, टीशर्ट पर नाइके या एडिडास, बारामूडास पर रेंगलर या मार्क एण्ड स्पेन्सर का नाम या बिल्ला चिपकाए घूमूँ ? इन्सान की कदर उसके गुणों के कारण होती है या उन वस्तुओं के कारण जिन्हें वह इस्तेमाल करता है ? कल यदि मैं महँगे से महँगे और अनौचित्यपूर्ण महँगे सूट आदि पहनकर दफ़्तर जाऊँ और दिन भर काम न करूँ, या काम में गलतियाँ कर करके दूसरों को परेशानी में डालता जाऊँ तो क्या मुझे काम पर रखेंगे ? सिर्फ इसलिए कि मैंने बहुत अच्छे कपड़े पहन रखे हैं ?'[17]

खान-पान की परिवर्तित संस्कृति में 'मैक्डोनाल्डस' की एकल संस्कृति का वर्चस्व कायम हो चुका है। हर शहर में, हर समय में मैक्डोनाल्डस की गुणवत्ता समान रहने के दावे विज्ञापन के जरिए पूरे विश्व में फैल चुके है। छोटे-छोटे बच्चे भी 'मैक-डी' के खान-पान के प्रति उत्सुक है। चित्रा मुद्गल का कथन इसकी पुष्टि करता है-

'जूते पंसद करने दोनों अप्पू के साथ मार्केट चलेंगी। खरीददारी के बाद अप्पू उन्हें मैकडोनल्ड्स में खिलाएंगे भी। चिकन बर्गर, फ्रेंच फ्राइ के साथ। बर्गर के संग कोई उपहार भी मुफ्त मिलेगा। उन्हें टी.वी. पर बताया गया है। वहां से वह आइसक्रीम खाने 'निरुलाज' भी जाएंगी।'[18]

खान-पान की पश्चिमी शैली में दूध, लस्सी की जगह कोल्ड ड्रिंक्स, रोटी की जगह पिज्जा के प्रचलन ने पूरे विश्व को प्रभावित किया। हर व्यक्ति 'फास्ट फूड' की ओर लालायित है।

भूमण्डलीकरण के अत्याधुनिक परिवेश में सांस्कृतिक संक्रमण के साथ-साथ परंपराओं का जमकर दोहन हुआ। लाभ और लोभ की आधुनिक दौड़ में भागता हुआ व्यक्ति परंपराओं से कट चुका है। लोक जीवन की सहज और स्वाभाविक प्रवृत्ति 'आधुनिकता' की धारा में बह चली।

महानगरों तक ही नहीं, बल्कि ग्रामीण अंचल में भी पाश्चात्य संस्कृति ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवा दी है। गाँव के रस्म-रिवाज, पर्व-त्यौंहार, धार्मिक-कृत्य, रीति-परम्परा, आचार-व्यवहार, रहन-सहन आदि में एक

नया परिवर्तन परिलक्षित होने लगा। 'रेहन पर रग्घू' में पंचैया (नागपंचमी) का पर्व बड़े उत्साह से मनाया जाता था। नाच–गाना, खान–पान का अपना एक विशेष सौन्दर्य था। इस अवसर पर कुश्ती के दाँव–पेंच चलते थे, परन्तु अब हालात बदल चुके है। पंचैया मात्र एक रस्म थी –

'दूसरे गाँवों में पंचैया मात्र धार्मिक त्योहार रह गई थी लेकिन पहाड़पुर में अभी चल रही थी–रस्म के रूप में ही सही !'[19]

कम्पनी के पैकेज पाकर महानगर में काम कर करने वाला नरेन्द्र अपनी माँ की मृत्यु पर बाल उतरवाने से स्पष्ट मना कर देता है क्योंकि आधुनिक समय में इस प्रथा का कोई महत्तव नहीं है। साथ ही उसे चौथे दिन कम्पनी में हाजिर होकर कम्पनी विजिट करने वालों का सामना भी करना है। बाल उतरवा कर वह स्वयं को रूढ़िवादी नहीं कहलाना चाहता–

'अम्मा के लिए अतिशय प्रेम बघारने वाले बेटे नरेंद्र ने उनके काम में बाल उतारने से मना कर दिया था। बालों में क्या रखा है। आडंबरों में उसे विश्वास नहीं। कंपनी विजिट करने बाहर से लोग आ रहे। चौथा करके दिल्ली चला जाएगा। तेरहवीं की सुबह लौट आएगा।'[20]

भूमण्डलीकरण की अर्थ–नीतियों के साथ ही अंग्रेजी भी विश्व–भाषा बन गयी। भारत में अंग्रेजी शासनकाल के दौरान अंग्रेजी भाषा उतनी समृद्ध नहीं थी, जितनी भारतवर्ष में आज प्रभावी है। वर्तमान समय में अंग्रेजी का भाषिक–ज्ञान व्यक्ति के व्यक्तित्व का परिचायक है। हिन्दी पढ़ने–बोलने वाले को अंग्रेजी के सामने कमतर आंका जाता है। फलस्वरूप भारतीय जनमानस प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अंग्रेजीपन से प्रभावित है। अंग्रेजी की इस सत्ता को अभिव्यक्त करते हुए अजय नावरिया लिखते है–

'अंग्रेजी!...आज अंग्रेजी का वर्चस्व वैसा ही है, जैसा डेढ़ हजार साल पहले, ब्राह्मणों की संस्कृत का था।...यह वक्त आज भी अज्ञात कारणों से स्वर्णयुग कहा जाता है...'[21]

इस प्रकार कहा जा सकता है कि वैश्वीकरण की प्रक्रिया ने सांस्कृतिक परिवेश को गहरे रूप में प्रभावित किया है। पश्चिमी संस्कृति ने पूरे विश्व पर अपनी छाप छोड़ी, वहीं पश्चिमी संस्कृति भी अन्य संस्कृतियों से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Oxford English-English-Hindi Dictionary
2. गुरु, गोपाल, भारत का भूमण्डलीकरण, अभय कुमार दुबे,(सं0), पृष्ठ–255
3. सिंह, पुष्पपाल, भूमण्डलीकरण और हिन्दी उपन्यास, पृष्ठ–17
4. सिंह नीलिमा, भूमण्डलीकरण और भारत में मानवाधिकार, पृष्ठ–22
5. सिन्हा सच्चिदानंद, भूमण्डलीकरण की चुनौतियां, भूमिका से उद्धृत।
6. प्रभा खेतान, बाजार के बीच : बाजार के खिलाफ (भूमण्डलीकरण और स्त्री के प्रश्न), पृष्ठ–24
7. खेतान, प्रभा, भूमण्डलीकरण : ब्रांड संस्कृति और राष्ट्र, पृष्ठ–31
8. सिंह, अमित कुमार, भूमण्डलीकरण और भारत : परिदृश्य और विकल्प, पृष्ठ–81
9. शर्मा, नासिरा, ज़ीरो रोड, पृष्ठ– 135
10. शर्मा, नासिरा, ज़ीरो रोड, पृष्ठ– 59
11. कालिया, रवीन्द्र, ए.बी.सी.डी., पृष्ठ– 7
12. कालिया, रवीन्द्र, ए.बी.सी.डी., पृष्ठ– 32
13. कालिया, रवीन्द्र, ए.बी.सी.डी., पृष्ठ– 14
14. कालिया, रवीन्द्र, ए.बी.सी.डी., पृष्ठ– 56
15. कालिया, रवीन्द्र, ए.बी.सी.डी., पृष्ठ– 56
16. सरावगी, अलका, एक ब्रेक के बाद, पृष्ठ– 120
17. स्वयं प्रकाश, ईंधन, पृष्ठ– 46
18. मुद्गल, चित्रा, गिलिगडु, पृष्ठ– 32
19. सिंह, काशीनाथ, रेहन पर रग्घू, पृष्ठ–74
20. मुद्गल, चित्रा, गिलिगडु, पृष्ठ– 52
21. नावरिया, अजय, उधर के लोग, पृष्ठ– 9

****

विनय - पत्रिका में भक्ति -दर्शन

निर्मला निठारवाल *

प्रस्तावना – 'विनय-पत्रिका' में भक्ति का सांगोपांग वर्णन किया गया है। यह सभी भक्ति-ग्रन्थों में एक परमोत्कृष्ट ग्रन्थ है। इसमें तुलसीदास ने अपने हृदय को विनय से भिगोकर प्रस्तुत किया है। तुलसीदास ने विनय पत्रिका के माध्यम से अपने आराध्य श्रीराम के चरणों में एक अर्जी पेश की है, जिसमें भक्ति के अनेक अंगों एवं उपागों सहित अपनी व्यथा सुनाकर कलियुग से अर्थात् सांसारिक कष्टों से बाहर निकालने तथा भगवान् श्रीराम के चरणों में शरण पाने की बार-बार प्रार्थना की गई है। भक्ति में निमग्न व्यक्ति को तो यह ग्रन्थ जीवन का सार ही लगता है। तुलसीदास ने विनय-पत्रिका के माध्यम से व्यक्ति को इस भवसागर से पार होने का जो रास्ता दिखाया है, वह रास्ता है-भक्ति। विनय-पत्रिका की आधार भूमि ही भक्ति है। 'विनय-पत्रिका भक्तिकांड का एक परमोत्कृष्ट ग्रन्थ है, अनुराग महोदधि का एक दिव्य रत्न है। भक्तों के सरस हृदय का तो यह ग्रन्थ जीवन सर्वस्व है। भक्तिपथ की सांगोपांग पद्धति इसमें दिखाई गई है। इस प्रेमरत्न-मंजूषा के भीतर सुरसिक जौहरी कैसे-कैसे विलक्षण रत्न पा सकता है यह कहने की बात नहीं, अनुभव करने की है। जब समग्र ग्रन्थ ही भक्ति-रस से परिप्लुत है तो भक्ति-सिद्धान्त ही सर्वत्र प्रतिपन्न मिलेगा लेकिन किसी के मत से तुलसीदास विशिष्टाद्वैतवादी और किसी की सम्मति से अद्वैतवादी सिद्ध किए गए हैं। हमारी दृष्टि में तुलसीदास का भक्ति-दर्शन रामानुजाचार्य के विशिष्टाद्वैतवाद से मेल खाता है।'[1] विशिष्टाद्वैतवाद में ब्रह्म तथा जीव में अंतर होता है। ब्रह्म विशिष्ट होता है तथा जीव तुच्छ होता है। जीव ईश्वर की शरण में जाकर ही ईश्वर (ब्रह्म) का सानिध्य प्राप्त कर सकता है। जीव भक्ति के माध्यम से ही इस माया रूपी आवरण को काट सकता है तथा ईश्वरमय हो सकता है। यह संसार जो सत्य प्रतीत होता है, वह माया के ही कारण प्रतीत होता है। जब मनुष्य ईश्वर की शरण में जाता है तो यह मायाजाल कट जाता है तथा जीव को जो सत्य लग रहा था वह मिथ्या जान पड़ता है। इस प्रकार हरिभक्ति से ही भवबन्धनों से मुक्त हुआ जा सकता है। तुलसीदास भी राम को विशिष्ट तथा जीव को तुच्छ समझते हैं तथा राम भक्ति से ही जीव ईश्वर का सामिप्य प्राप्त कर सकता है। रामानुजाचार्य ने शंकरवाद का खण्डन कर भक्तिप्रधान श्रीसंप्रदाय की स्थापना की थी । इसी संप्रदाय में आगे चल कर रामानन्द जी हुए। जिन्होंने भक्ति को जाति-पाँति के बन्धन से निकालकर जन-जन तक पहुँचाया। 'आचारी वैष्णवों में कुछ संकीर्णता देखकर श्री रामानन्द स्वामी ने एक पृथक ही अपना संप्रदाय चला दिया। इन्होंने श्रीरामनाम और राम-भक्ति को ही प्राधान्य दिया। जाति-पाँति का विचार एकदम तोड़ दिया। जुलाहे, चमार और कसाई भी इनके चेले हो गए। भक्ति-भागीरथी सुविस्तीर्ण-क्षेत्र में होकर बहने लगीं। नभो मण्डल श्रीरामनाम की मधुर-ध्वनि से गूँज उठा।'[2] तुलसीदास भी इसी श्रीसंप्रदाय के अनन्य वैष्णव थे। आचार्य रामानुज या विशिष्टाद्वैतवाद या श्रीसंप्रदाय के अनुसार- जीव व ब्रह्म एक नहीं होते। ब्रह्म (ईश्वर, सगुण) विशिष्ट होता है तथा चित् (जीव) व अचित् (जगत्) ब्रह्म का अंश मात्र है। जीव व ब्रह्म दोनों ही सत्य है किन्तु दोनों समान रूप से स्वतंत्र नहीं हैं। जीव ब्रह्म से भिन्न उसका अंश मात्र है। ईश्वर, जीव और जगत् तीनों ही सत्य हैं तथा भक्ति द्वारा जीव को मोक्ष प्राप्त होता है। जीव को ईश्वर का सादृश्य प्राप्त हो जाता है लेकिन 'जीव व परमात्मा का ऐक्य सम्पन्न नहीं होता।'[3] जीव जब तक भगवान् की शरण में नहीं जाता, तब तक उसका परम कल्याण हो नहीं सकता। इस प्रकार तुलसीदास का भी यही मानना है कि ईश्वर विशिष्ट है तथा जीव तुच्छ है लेकिन जीव ईश्वर की शरण में आकर धन्य हो जाता है। भगवान् का सादृश्य प्राप्त हो जाता है। इसी बात को तुलसीदास ने अग्र लिखित पद्य से इस प्रकार प्रस्तुत किया है-

'तू दयालु, दीन हौं, तू दानी, हौं भिखारी।
हौं प्रसिद्ध पातकी, तू पाप- पुंज-हारी।।
नाथ तू अनाथ को, अनाथ कौन मोसो।
मो समान आरत नहिं, आरतिहर तोसो।।
ब्रह्म तू, हौं जीव, तू है ठाकुर, हौं चेरो।
तात-मात, गुरु-सखा, तू सब बिधि हितु मेरो।।
तोहिं मोहिं नाते अनेक, मानियै जो भावै।
ज्यों त्यों तुलसी कृपालु! चरन-सरन पावै।।'[4]

अर्थात् हे नाथ! तू दीनों पर दया करने वाला है, तो मैं दीन हूँ। तू अतुल दानी है, तो मैं भिखमंगा हूँ। मैं प्रसिद्ध पापी हूँ, तो तू पाप-पुंजों का नाश करने वाला है। तू अनाथों का नाथ है, तो मुझ-जैसा अनाथ भी और कौन है? मेरे समान कोई दु:खी नहीं है और तेरे समान कोई दु:खों को हरने वाला नहीं है। तू ब्रह्म है, मै जीव हूँ। तू स्वामी है, मैं सेवक हूँ। अधिक क्या, मेरा तो माता, पिता, गुरु, मित्र और सब प्रकार से हितकारी तू ही है। मेरे-तेरे अनेक नाते हैं; नाता तुझे जो अच्छा लगे, वही मान ले। परन्तु बात यह है कि हे कृपालु! किसी भी तरह यह तुलसीदास तेरे चरणों की शरण पा जावे। इस प्रकार तुलसीदास अपने आराध्य श्रीराम से अपनी दीनता का वर्णन करते हुए कहते हैं कि हे प्रभु मैं दीन हूँ। कुछ भी करने का मेरे में सामर्थ्य नहीं है। मैं भिखारी की तरह हर समय आप से कुछ न कुछ माँगता ही रहता हूँ। मैं तो केवल पापी ही नहीं सभी पापियों में अग्रगण्य हूँ। लेकिन आपकी सामर्थ्य में मुझे पूर्ण विश्वास है। आप दीनों पर दया करने में आगे रहते हैं। आप अतुल दानी हैं, भक्त को बिन माँगे सब कुछ दे देते हैं। आप पाप-पुंजों को पलक-झपकते ही नष्ट कर देते हैं। आप सभी अनाथों के नाथ हैं अर्थात सहारा हैं जिसका इस संसार मैं कोई सहारा नहीं उसका ईश्वर अपने आप सहारा बन जाते हैं। भगवान् स्वयं सारथी बन कर उसके रथ को हाँकते हैं। आप दुखों

* सहायक प्रवक्ता (हिन्दी) डी.ए.वी. महाविद्यालय, अबोहर (पंजाब) भारत

का हरण करने वाले हैं। तू ब्रह्म है, मैं जीव हूँ। तू स्वामी है, मैं सेवक हूँ। तुलसीदास लिखते हैं कि ईश्वर ब्रह्म है अर्थात् विशिष्ट हैं, मनुष्य जीव है जो माया के अधीन है अर्थात् तुच्छ है। जीव भक्ति के माध्यम से ईश्वर की शरण में आकर ही इस संसार से तर सकता है। इस प्रकार तुलसीदास ने ब्रह्म को विशिष्ट तथा जीव को तुच्छ माना है। वे ब्रह्म तथा जीव को अलग-अलग मानते हैं। उन्होंने रामनाम की महत्ता और सर्वप्रधानता को ही प्रमुख माना है। जीव प्रभु की शरण पाकर ही धन्य हो सकता है। उन्होंने अपने सारे संबन्धों को भगवान् श्रीराम में ही देखा है। वे अपने आप को पापी तथा अनाथ मानते हैं लेकिन भगवान् की सामर्थ्य में पूर्ण विश्वास है तभी तो भगवान् को अपना सब प्रकार से हितकारी समझते हैं। नि:सन्देह उन्होंने कहीं-कहीं अद्वैतवादियों की तरह जगत् को असत्य माना है। उसे मृगजल, रज्जु-सर्प, रजत-सीप आदि कहकर भ्रमरूप बताया है। किन्तु तुलसीदास का प्रयोजन अद्वैतवादियों के प्रयोजन से भिन्न है। जहाँ अद्वैतवादि जगत् को असत्य समझते हैं, वहीं तुलसीदास केवल उसी जगत् को असत्य समझते हैं। जहाँ राम का निवास नहीं है। 'हरिशून्य जगत्' को ही उन्होंने इन सब विशेषणों से विभूषित किया है 'हरिमय जगत्' को नहीं। विषयोपभोग में लिप्त जीव को विरक्त बनाने के लिए संसार के मिथ्यात्व का निर्देश किया गया है, विषयोपरत एवं भगवदनुरक्त महा-भाग को नहीं। जो जीव स्वार्थ को ही संसार समझते है; उनके लिए अवश्य ही गोसांईजी द्वारा 'जगन्नमिथ्या' का सिद्धान्त प्रतिपादित किया गया है, किन्तु जो परार्थ एवं परमार्थ में जगत् की सत्ता स्वीकार करते हैं, उन निष्काम अनासक्त कर्मयोगियों के लिए आपने संसार को यजगत् सचाई-सार' कहकर पुकारा है।'[5] इस प्रकार तुलसीदास ने सिद्धान्तरूप से तो विशिष्टाद्वैतवाद को ही स्वीकार किया है-

'जो तुम त्यागों राम हौं तौ नहिं त्यागो। परिहरि पाँय काहि अनुरागों।।
सुखद सुप्रभु तुम सो जगमार्हीं। श्रवन-नयन मन -गोचर नार्हीं।।
हौं जड़ जीव, ईस रघुराया। तुम मायापति, हौं बस माया।।
हौ तो कुजाचक, स्वामी सुदाता। हौं कुपूत, तुम हितु पितु-माता।।
जो पै कहुँ कोउ बूझत बातो। तौ तुलसीदास बिनु मोल बिकतो।।'[6]

अर्थात् हे रामजी! यदि आप मुझे त्याग भी देंगें, तो भी मैं आपको नहीं छोडूँगा। क्योंकि आपके चरणों को छोड़कर मैं और किसके साथ प्रेम करूँ? आपके समान सुख देने वाला सुन्दर स्वामी इस संसार में आजतक न कानों से सुना है, न आँखों से देखा है और न मन से अनुमान में ही आता है। हे रघुनाथजी! मैं जड़ जीव हूँ और आप ईश्वर हैं। आप माया के स्वामी हैं (माया आपके वशमें है) और मैं माया के वश होकर रहता हूँ। मैं तो एक कृतघ्न याचक हूँ और आप बड़े उदार स्वामी हैं। मैं आपका कुपूत हूँ और आप हित करने वाले माता-पिता हैं। भाव यह है कि लड़का कुपूत होने पर भी माँ-बाप उसका हित ही चाहते हैं, ऐसे ही आप भी सदा मेरा पालन-पोषण ही किया करते हैं। यदि कहीं कोई भी मेरी बात पूछता, तो यह तुलसीदास बिना ही मोल (उसके हाथ) बिक जाता। (परन्तु आपके सिवा मुझ-सरीखे नीच को कौन रखता है? अत: मैं आपको कभी नहीं छोडूँगा)। इस प्रकार तुलसीदास अपने आपको जड़ जीव तथा भगवान् श्रीराम को विशिष्ट ईश्वर समझते हैं और यह भी जानते हैं कि जीव ईश्वर की शरण में आकर कृतकृत्य हो जाता है अत: भगवान् से कहते हैं कि मैं आपके चरणों को छोड़कर और किसके साथ प्रेम करूँ? आपसा समर्थ इस संसार में कोई है ही नहीं। तुलसीदास अपने आराध्य श्रीराम को माता-पिता मानते हैं तथा अपने आपको उनका कुपूत पुत्र। लेकिन भगवान् पर पूर्ण विश्वास है कि कुपूत होते हुए भी भगवान् मेरा हित ही करेगें। इस प्रकार तुलसीदास लिखते हैं कि अनन्य भाव से प्रभु की शरण में जाना ही जीव के लिए श्रेयस्कर है तथा यही जीवन की सार्थकता है। इस प्रकार तुलसीदास राम-नाम की महिमा का बखान करते हुए थकते नहीं है वे लिखते हैं कि भगवान् राम तो बिना ही कारण दूसरे का हित कर देते हैं। उनके समान दूसरा कौन हो सकता है-

'अकारन को हितू और को है।
बिरद यगरीब-निवाज' कौनको, भौंह जासु जन जोहै।।
छोटो-बड़ो चहत सब स्वारथ, जो बिरंचि बिरचो है।
कोल कुटिल, कपि-भालु पालिबो कौन कृपालुहि सोहै।।
काको नाम अनख आलस कहें अध अवगुननि बिछोहै।
को तुलसीसे कुसेवक संग्रह्यो, सब सब दिन साईं द्रोहै।।'[7]

अर्थात् बिना ही कारण हित करने वाला (श्रीरामचन्द्रजी को छोड़कर) दूसरा कौन है? गरीबों को निहाल कर देने का विरद किसका है कि जिसकी (कृपामयी) भृकुटी की ओर भक्त ताका करते हैं।। छोटे या बड़े जो भी ब्रह्मा के रचे हुए हैं, वे सभी अपना स्वार्थ सिद्ध करना चाहते हैं (बिना स्वार्थ के कोई किसी का हित नहीं करता)। भला भील, बंदर और रीछ आदि का पालन-पोषण करना (श्रीराम जी के सिवा) दूसरे किस कृपालु स्वामी को शोभा देता है? ऐसा किसका नाम है, जिसे आलस्य या क्रोध के साथ भी लेने पर पाप और अवगुण दूर हो जाते है? (श्रीराम-नाम ही ऐसा है)। जिसने मूर्खतावश सदा अपने स्वामी से द्रोह किया है, उस तुलसी-सरीखे नीच सेवक को भी अपना लिया। (इससे अधिक अकारण हित करना और क्या होगा?)। इस प्रकार तुलसीदास को केवल अपने राम-नाम पर ही भारी भरोसा है, जो अकारण ही दूसरे का हित कर देते हैं।

तुलसीदास ने विनय-पत्रिका में जिस सिद्धान्त को अपनाया है वह रामानुजाचार्य के विशष्टाद्वैतवाद से मेल खाता है। विनयपत्रिका में उनका रूप भावात्मक है और वे सिद्धान्त तुलसी के प्रेम, विश्वास तथा भक्ति को पाकर जगमगा उठे हैं। 'भक्ति उनके लिए कोई 'पद्धति या पन्थ' नहीं, उनका जीवन ही है।'[8] भक्ति जब जीवन की साधना बन जाती है तब वह भक्त को पूर्णकाम, तृप्त, अमर और सिद्ध बना देती है। भक्त समस्त जीवन-द्वन्द्वों से मुक्त हो जाता है। वह भगवान् से अहेतुक प्रेम करता है। वह जगत् के सारे रागात्मक सम्बन्धों को अपने इष्टदेव में ही लय कर देता है। सारा संसार उसके लिए प्रभुमय हो जाता है। उसके समस्त सांसारिक सम्बन्ध इष्टदेव के नातेसे ही मानने योग्य रह जाते हैं भगवदीयता का लक्षण है प्रभु के प्रति सहज आसक्ति सर्वतोभावेन समर्पण। तुलसी के लिए समस्त सांसारिक सम्बन्धों का लक्ष्य रामोन्मुखता ही है। इस एकान्त समर्पण में भक्ति की अनन्यता और निष्ठा का रूप दर्शनीय है :-

'यह बिनती रघुबीर गुसाईं।
और आस-बिश्वास-भरोसो,हरो जीव-जड़ताई।।
चहौं न सुगति, सुमति, संपति कछु,रिधि-सिधि बिपुल बड़ाई।
हेतु-रहित अनुराग राम-पद बढै अनुदिन अधिकाई।।
कुटिल करम लै जाहिं मोहि जहँ जहँ अपनी बरिआई।
तहँ तहँ जनि छिन छोह छाँडियो, कमठ-अंडकी नाईं।।
या जगमें जहँ लगि या तनुकी प्रीति प्रतीति सगाई।
ते सब तुलसिदास प्रभु ही सो होहिं सिमिटि इक ठाईं।।'[9]

अर्थात् हे श्रीरघुनाथजी! हे नाथ! मेरी यही विनती है कि इस जीव को दूसरे साधन, देवता या कर्मों पर जो आशा, विश्वास और भरोसा है, उस मूर्खता को आप हर लीजिये। हे राम! मैं शुभगति, सद्बुद्धि, धन-सम्पत्ति, ऋद्धि-सिद्धि और बड़ी भारी बड़ाई आदि कुछ भी नहीं चाहता। बस, मेरा तो

आपके चरण–कमलों में दिनोंदिन अधिक–से–अधिक अनन्य और विशुद्ध प्रेम बढ़ता रहे, यही चाहता हूँ। मुझे अपने बुरे कर्म जबरदस्ती जिस–जिस योनि में ले जाए, उस–उस योनि में ही हे नाथ! जैसे कछुआ अपने अंडों को नहीं छोड़ता, वैसे ही आप पलभर के लिए भी अपनी कृपा न छोड़ना। हे नाथ! इस संसार में जहाँ तक इस शरीर का (स्त्री–पुत्र–परिवारादिसे) प्रेम, विश्वास और सम्बन्ध है, सो सब एक ही स्थान पर सिमटकर केवल आपसे ही हो जाए। इस प्रकार तुलसीदास अपने आराध्य श्री राम से बार–बार यही प्रार्थना करते हैं कि हे प्रभु अगर मैं किसी और को अपना सहारा मानने लगूँ तो आप मेरी उस मूर्खता को दूर कर देना। हे प्रभु मुझे कुछ भी नहीं चाहिए इस संसार से केवल आपके चरणों की भक्ति तथा आपसे अनन्य प्रेम चाहिए। मुझे जिस भी योनि में जगह मिले हे नाथ! आप अपनी कृपा मुझ पर बनाए रखना। मेरा जितना भी प्रेम सांसारिक वस्तुओं में है, वो सब एकत्रित होकर केवल आपसे हो जाए अर्थात् आपसे प्रेम करूँ और किसी से भी नहीं। इस प्रकार तुलसीदास जगत् के सारे रागात्मक सम्बन्धों को अपने इष्टदेव में ही लय कर देना चाहते हैं। तुलसीदास ने विनय–पत्रिका में ब्रह्म को विशिष्ट तथा सर्वव्यापक माना है तथा जीव को तुच्छ तथा निम्न माना है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. वियोगीहरि, 'विनय – पत्रिका', (हरितोषिणी टीका), पृ. 32
2. वही, पृ.22
3. उपाध्याय, बलदेव, 'भारतीय – दर्शन', शारदा मन्दिर 29/17 गणेश दीक्षितलेन, बनारस, चतुर्थ संस्करणः 1949, पृ. 476
4. तुलसीदास, 'विनय – पत्रिका', पृ. 113–114, (पद–79)
5. वियोगीहरि,'विनय – पत्रिका', (हरितोषिणी टीका), पृ. 22
6. तुलसीदास, 'विनय – पत्रिका', पृ. 222 (पद – 177)
7. वही, पृ. 286, (पद – 230)
8. तिवारी, गोपीनाथ (सं.) 'तुलसीदास विभिन्न दृष्टियों का परिप्रेक्ष्य', विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, प्रथम संस्करणः 1973 ई. पृ. 121
9. तुलसीदास, 'विनय – पत्रिका', पृ. 135, (पद – 103)

****

साहित्याकाश में चमकने वाले दो चाँद, बंकिमचंद्र एवं प्रेमचंद

डॉ. कोयल विश्वास*

प्रस्तावना – समाज, साहित्य एवं संस्कृति, सभ्यता नामक माला में गूँथे हुए अलग-अलग पुष्प है। इनके पारस्परिक मेल से ही मानव जीवन में सुगंध फैलता है। इनका संबंध अटल एवं अटूट है।

जब मानव सामूहिक रूप से जीने लगे तब समाज का निर्माण हुआ। मनुष्य सामाजिक प्राणी कहलाने लगे। उस समाज में भाषाओं का प्रचार होने लगा। भाषा ने कथित से लेकर लिखित का रूप धारण किया। भाषा-भाषी समाज ने अपना अस्तित्व कायम रखने के लिए साहित्य का निर्माण किया। साहित्य की आराधना से समाज में संस्कृति का एक दिव्य रूप उभरने लगा।

संस्कृति का सीधा संबंध, उस समाज के लोगों के संस्कारों से जुड़ा है। उनमें से कुछ संस्कार जन्मजात है और कुछ समाज से चयनित। जो संस्कार लोग अपने परिस्थिति के अनुरूप सीखते है, अधिकतर उसमें साहित्य का गहरा प्रभाव पड़ता है। इसलिए संस्कृति के निर्माण में साहित्य का महत्वपूर्ण योगदान है।

जहाँ सत्यम, शिवम, सुंदरम रूपी समाज, साहित्य एवं संस्कृति का मिलन होता है, वहाँ चेतना का सूर्योदय होता है। एक स्वस्थ एवं सभ्य राष्ट्र के ये तीन अंग शक्ति, आधार तथा जीवन स्वरूप है।

जब सभ्यता का प्रकाश विस्तरित होकर संपूर्ण मानवजाति को आलोकित किया, तब हर क्षेत्र में इसके स्पर्श ने जीवन को और अधिक सुखमय बना दिया।

भिन्न-भिन्न प्रदेशों की निजी भाषा में उसकी अपनी सभ्यता का विकास हुआ। धीरे-धीरे पारस्परिक मेल से इन सभ्यताओं का आदान-प्रदान होने लगा।

'साहित्य' के माध्यम से एक भूखण्ड से दूसरे भूखण्ड में, एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश में तथा एक समाज से दूसरे समाज में विचार, भाव एवं संस्कृति का आदान प्रदान होने लगा।

इस प्रसंग में रविंद्रनाथ ठाकुर का यह कथन कितना सत्य है- 'साहित्य' शब्द से 'मिलने' के भाव का बोध होता है। वह केवल भाव-भाव का, भाषा-भाषा का, ग्रंथ-ग्रंथ का मिलन नहीं अपितु मानव के साथ मानव का, अतीत के साथ वर्तमान का, दूर के साथ निकट का अत्यंत अंतरंग मिलन भी है, जो कि साहित्य के अतिरिक्त किसी अन्य विधा में मिलना संभव नहीं है।

भारत देश की भिन्न भिन्न जाति, भाषा एवं परंपरा का अपना एक निराला रंग है। इन रंगों की होली आकाश, वायु और धरती में फैलकर एकाकार हो गया है। चाहे वह रंग बँगाल का हो या उत्तर प्रदेश का, पारस्परिक मिलन से ही भारत की संस्कृति को अखण्डता प्राप्त हुआ है।

बंकिमचंद्र एवं **प्रेमचंद** जैसे महान साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से इसी अखण्डता पर प्रकाश डाला है।

जब विदेशी शासन के कारण भारतीय संस्कृति की नींव डगमगाने लगी थी तब राजनैतिक एवं साहित्यिक क्रान्तिकारियों ने इसके पुनर्प्रतिष्ठान की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ले लिया था। भारत में दूसरा महाभारत युद्ध हुआ। साहित्यिक क्रान्तिकारियों ने इस युद्ध में, कलम को धनुष बनाकर, शब्दों के बाण से निशाना लगाया। रक्तधारा के स्थान पर अश्रुधारा बहने लगे थे। शवों के स्थान पर मनुष्य का अहंकार धराशायी होने लगा था। इस युद्ध को **'पुनर्जागरण'** का नाम दिया गया। 'पुनर्जागरण' के महायुद्ध में साहित्यिक रणभूमि में **बंकिमचंद्र** एवं **प्रेमचंद** जैसे कई वीर महारथी अवतरित हुए।

बंकिमचंद्र एवं प्रेमचंद के उपन्यासों के तुलनात्मक अध्ययन में राष्ट्रीय पुनर्जागरण पर प्रकाश डालने का प्रयत्न किया गया है। उस युग से लेकर इस युग तक भारत में जितना विकास हुआ है उतना विकार भी हुआ है।

तुलनात्मक कार्य में दो स्वतंत्र लेखों की साम्यताओं एवं वैषम्यताओं को लिया जाता है। अधिकतर साम्याताओं से ही यह अध्ययन प्रारंभ होता है। दो निबंध या लेखों की तुलना करना असाध्य तो नहीं है परंतु सफलता तब मिलती है, जब एक कार्य दूसरे पर प्रभाव डालने में सफल हुआ हो।

बंकिम एवं प्रेमचंद के विचारों में भावात्मक एकरूपता अवश्य है। बंकिम के उपन्यासों ने जिस साहित्यिक संग्राम को छेड़ा, राष्ट्र प्रेम का बीजोरोपन किया तथा निरस साहित्य को रस से प्लावित कर दिया, प्रेमचंद साहित्य ने उस संग्राम को एक शांत अहिंसात्मक दिशा प्रदान किया, उन्मुक्त प्रेम को मर्यादा की श्रृंखला में बद्ध किया तथा साहित्य में यथार्थवाद एवं आदर्शवाद का अद्‌भुत सुंदर समन्वय किया।

बंकिमचंद्र एवं प्रेमचंद का मानव एवं समाज के प्रति दृष्टिकोण – बंकिम एवं प्रेमचंद दोनों ने भारत के नवयुग तथा उससे जुड़ी समस्याओं को अत्यंत निकटता से देखा। युग संकट एवं युग चिंतन में समन्वय रखने के लिए जिस प्रतिभा की आवश्यकता होती है, वह तथ्य एवं तत्व इन दोनों साहित्यकारों में था।

एक और शक्ति ने इन दो साहित्यकारों की चेतना को एक रूपता प्रदान किया। बंकिम और प्रेमचंद में 'प्रेम-भाव' का समावेश ने इनके साहित्य को एक अखण्ड रूप प्रदान किया। प्रेम नामक वस्तु नवीन नहीं है। इसका बीज मनुष्य के प्रकृति में विद्यमान है। प्रकृति के ध्वंसलीला को मनुष्य ने प्रेम के माध्यम से युगों-युगों तक पराजित किया है।

एक तरफ मृत्यु, दूसरी तरफ जीवन, कहीं संहार है, तो कहीं रक्षण। कहीं हिंसा है, तो कहीं करूणा। इस प्रकार समाज के नित्य संग्राम में प्रेम, दया एवं करूणा की विजय हुई। प्रेम ही सृष्टि का मूलाधार है। बंकिम एवं प्र

* व्याख्याता (हिन्दी) माउण्ट कार्मल महाविद्यालय ऑटोनोमस, बैंगलुरू (कर्नाटक) भारत

प्रेमचंद के अंत:करण में देश के प्रति, समाज के प्रति तथा मानवजाति के प्रति प्रेम ने उनके व्यक्तित्व को आलोकित किया। उनके उपन्यासों में उन मूल्यों का प्रतिपादन हुआ जो व्यक्ति समाज के लिए उत्तम एवं श्रेयकर है।

पहले साहित्य की विशाल भूमि पर बंकिम अवतरित हुए। देश, काल एवं वातावरण को देखकर उन्होंने देश एवं समाज में व्याप्त असमंजस्यता के कारण को पहचानने का प्रयास किया। उन्होंने इतिहास का आँचल थामकर, वर्तमान के लिए शांति एवं भविष्य के लिए समृद्धि का सपना देखा। उनकी प्रतिभा असामान्य एवं निरपेक्ष थी।

बंकिमचंद्र की चिन्ताधारा, उनका ध्यान, ज्ञान एवं कर्म स्वजाति के कल्याण चिन्तन पर ही केन्द्रित था। उनके साहित्य तपस्या में कहीं पर एक पंक्ति का भी उल्लेख नहीं है जहाँ पर उन्होंने आत्मभाव या आत्म चिंतन के प्रचार का प्रयास किया है। स्वजाति, स्वसमाज और स्वदेश इन तीनों को एक तत्व मानकर उन्होंने अपनी साहित्यिक जीवन को अंत तक निभाया। उन्नीसवीं शताब्दी के इस वृहाताकार युग समस्या के आगे बंकिम प्राय: अकेले ही खड़े हो गए थे। प्रत्यक्ष रूप से उन्होंने राष्ट्र, समाज या धर्म के क्षेत्र में किसी भी प्रकार का नेतृत्व नहीं किया। केवल भाव एवं चिंतन के क्षेत्र में उन्होंने सिद्धि प्राप्त किया। उन्होंने अपनी जाति के चित्र को आकर्षित करने की जिम्मेदारी ली और जातीय संस्कृति को एक नवीन मार्ग में परिवर्तित करना चाहा।

इस क्षेत्र में उनकी सफलता कहाँ तक हुई इसका प्रमाण भी है। बंकिम के केवल विचार उनके काल में ही नहीं, बल्कि भविष्य में भी कार्यशील बनें। उन्होंने देशवासियों के मन में नवीन भाव चिंतन, आशा-आकांक्षा की प्रेरणा को जगाया। मनुष्य में पुनर्जागरण की प्रवृत्ति का उजागर इसी प्रेरणा के कारण हुआ। आधुनिक काल के राजनैतिक तथा अर्थनैतिक समस्या की चिंता उन्होंने नहीं किया। उन्होंने समाज के और भी गंभीर विषयों पर अपना चिंतन प्रकट किया। जिस युग को हम आधुनिक युग कहते हैं, उस युग को युगोचित जीवन दर्शन उन्हीं की प्रतिभा ने प्रभावित किया।

उस युग में संपूर्ण भारतवर्ष में उनका एक महत्वपूर्ण स्थान था। तत्कालीन एक मनीषी ने बंकिमचंद्र को – 'The greatest man of the Nineteenth Century' कहकर संबोधित किया था। बंकिम ने सदैव सामाजिक मुक्ति को ही व्यक्ति का यथार्थ मुक्ति माना। अपनी जाति एंव देश के भविष्य के विषय में उनकी चिंता ही वास्तव में उनके साहित्य का विषयवस्तु बना।

बंकिम के द्वारा रेखांकित किए हुए पथ पर उनके अनेक अनुयायी या मतावलंबी चल पड़े थे। प्रेमचंद भी उनमें से एक थे। जहाँ अन्य आधुनिक युग के साहित्यकार सिर्फ पुनर्जागरण के महत्व से प्रभावित थे वहीं प्रेमचंद ने इस युद्ध को आगे बढ़ाने का सफल प्रयास किया।

अब प्रश्न यह उठता है कि क्या कोई साहित्यकार अपने युग के माहौल और समस्याओं से तटस्थ रहकर सृजन कार्य कर सकता है ? भावुकता के प्रवाह में बहने वाला कवि भी युग-जीवन से अप्रत्याशित रह जाय, यह संभव होता हुआ दिखाई नहीं देता। अत: प्रेमचंद के काल में भी उन्हें प्रभावित करने वाली समस्याएँ भी यही थी; साथ ही साथ चल रहा स्वतंत्रता आन्दोलन, जो महात्मा गाँधी के नेतृत्व में पूरे जोर-शोर से भारत में फैला हुआ था।

प्रेमचंद एक स्वतंत्र लेखक के साथ-साथ सामाजिक समस्याओं के चिन्तक भी थे। वस्तुत: तत्कालीन भारतीय समाज, जिसके प्रति कोई भी हिन्दू लेखक या समाज-सुधारक चिन्तित था, वह मुख्य रूप से हिन्दू समाज था। भारत में उत्तर से लेकर दक्षिण तक हिन्दू जाति में अछूतों का बाहुल्य था। इसलिए अछूत हिन्दू या तो ईसाई धर्म लेते या मुसलमान धर्म।

प्रेमचंद के सामाजिक समस्या प्रधान उपन्यासों में मुख्य रूप से वे ही समस्याएँ ली गई हैं, जो आर्य समाज आन्दोलन का प्रधान अंग था। यदि काल परक दृष्टि से न देखकर सार्वजनिक दृष्टि से देखा जाए तो ज्ञात होगा कि ये समस्याएँ आज भी विद्यमान हैं। इसका ऐतिहासिक विश्लेषण यही बताता है कि यह समस्याएँ मुस्लिम आक्रमण तथा उनके शासन का परिणाम था। हिन्दू जन-जीवन की यही दशा अंग्रेजी शासन के आने के बाद भी रही। अंग्रेजों के शासन ने हिन्दू समाज के स्वाभाविक रूप को बदलने का मार्ग प्रशस्त कर दिया था। वह युग, स्वयं में ही एक नये युग के आगमन-रूप में उपस्थित हुआ था। प्रेमचंद उसी युग की देन थी।

जहाँ बंकिमचंद्र ने अधिकतर उच्चवर्गीय परिवार पर प्रकाश डाला, वहीं प्रेमचंद ने मध्यवर्ग तथा उनकी समस्याओं पर अधिक बल दिया। प्रेमचंद ने मध्य वर्ग की धार्मिक आडम्बर प्रियता और रूढ़िवादिता के विषैले परिणामों पर भी अपनी कलम चलाई।

वास्तव में प्रेमचंद जी क्या थे, इस बात का अनुमान लगाने के लिए उन्हीं के कहे हुए शब्द कुछ इस प्रकार हैं-

'मुझे अभी तक यह मालूम नहीं हुआ कि कौन-सी तरजे-तहरीर (रचना-शैली) अख्तियार करूँ ? कभी तो बंकिम की नकल करता हूँ, कभी आजाद के पीछे चलता हूँ, तब से कुछ इसी रंग की तरफ तबियत मचली (हुई) है। यह कमजोरी है और क्या ?'[1]

इससे स्पष्ट है कि प्रेमचंद बराबर प्रयोग करते रहे, परन्तु उन्होंने चाहे कितने प्रयोग किए हों, अपने पात्रों को उन्होंने भारतीय संस्कृति और परम्पराओं की मर्यादाओं के आदर्शवाद की ओर ही उन्मुख रखा। वह किसी वाद में बँधे नहीं थे, अपितु जिस क्षेत्र में भी कार्यरत थे, उसमें फैल जाने का उन्होंने प्रयास किया।

बंकिम और प्रेमचंद में कहीं-कहीं पर कई चीजे समान लगती है। वे दोनों किसी न किसी रुप में भारतीय सामाजिक जीवन की हर समस्या को छूने की कोशिश करते हुए नज़र आते है। दोनों अपनी-अपनी काल्पनिक संसार में उड़ान भरने में सिद्धहस्त थे। अंतत: दोनों राजनीति से जुड़े नहीं थे परन्तु सचेत अवश्य थे।

बंकिमचंद्र एवं प्रेमचंद कालीन परिस्थितियाँ आज भी मौजूद है। अंतर केवल यह है कि उस समय द्वंद स्वदेशी एवं विदेशी के बीच में था , और अब द्वंद हृदय एवं मस्तिष्क के बीच में है।

बंकिमचंद्र का युग(1838-1894) तथा प्रेमचंद का युग (1880-1936) था। प्रेमचंद बाल्यावस्था से लेकर किशोरावस्था तक आते आते बंकिम रूपी चंद्र अस्त हो चुका था। भारतभूमि में 'वन्देमातरम' की गूँज का प्रभाव प्रेमचंद पर अवश्य पड़ा होगा। प्रेमचंद ने भी राष्ट्र को संवेदनात्मक दृष्टि में देखना प्रारंभ किया और बंकिमचंद्र के युग में जो असंभव था प्रेमचंद ने अपने युग में उस दुस्साध्य को कर दिखाया।

साहित्याकाश में चमकने वाले दो चाँद, बंकिमचंद्र एवं प्रेमचंद की देन भारतीय इतिहास में चिरस्मरणीय बनी रहेगी। भारत चिर गौरवमयी धरती बनी रहेगी जिनकी कोख से इन महान पुत्र रत्नों ने जन्म लिया 'साहित्य' जगत की इन विभूतियों को कोटी कोटी प्रणाम।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मुंशी दयानारायण निगम, प्रेमचंद: जीवन और कृतित्व - पृ.सं. 3

पं. दीनदयाल उपाध्याय का व्यक्तित्व एवं उनके धार्मिक विचारों की प्रासंगिकता

डॉ. भारती शर्मा *

प्रस्तावना – यह पूर्णरूपेण सत्य है कि कुछ व्यक्ति जन्म से महान् होते है, तो कुछ अपने कर्मो के द्धारा महान् बनते है। हमारे भारत वर्ष में अनेक महापुरूष हुए जिनकी कोई पृष्ठभूमि न होते हुए भी वे अपने विचारों एवं कर्मो से महाकवि, संत, समाज सुधारक एवं राजनेता बने। कबीर, तुलसी, स्वामी विवेकानन्द, स्वामी दयानन्द सरस्वती, महात्मा गाँधी, ईश्वर चन्द्र विद्यासागर,ऐसे अनेक उदाहरण हमारे सामने है, जिनको महान् बनाने के लिए कोई पारिवारिक, राजनैतिक या आर्थिक पृष्ठभूमि न होने के बाद भी वे महान् बने। इसी क्रम में यदि हम पं. दीनदयाल जी उपाध्याय के जीवन का आकलन करे तो इस निष्कर्ष पर पहुँचते है कि वे जन्म से महान् तथा कर्म से, राजर्षि थे। राष्ट्र तथा समाज सेवा हेतु अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने वाले राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के समर्पित सेवक पं. दीनदयाल उपाध्याय ने राष्ट्रीय आवश्यकता के अनुकूल डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व मे भारतीय जनसंघ की स्थापना के साथ राजनीति में प्रवेश किया। उनके जीवन का मूल उदेश्य व्यक्ति के निर्माण के साथ समाज तथा राष्ट्र में व्याप्त बुराईयों एवं रूढियों से संघर्ष कर उन्हें समाप्त करना तथा नयी दिशा प्रदान करना रहा है। इस कार्य में वे सफल भी रहे है।

पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का जन्म 25 सितम्बर 1916 को उत्तारप्रदेश के मथुरा जिसे में नाग्ला चन्द्रभान ग्राम में एक सामान्य परिवार में प्रसिद्ध ज्योतिषी पं. हरिराय उपाध्याय के वंश में हुआ था। बचपन में उन्हें दीना कहकर पुकारते थे। उनके पिता पं. भगवती प्रसाद रेल्वे के कर्मचारी थे। दीना की जन्म पत्रिका देखकर ज्योतिषियों में कहा था कि –'लड़का विद्धान होगा। निस्वार्थ कार्यकर्त्ता बनेगा। दीन दुखियों से प्यार करेगा। जन नायक बनेगा।' विद्यार्थी जीवन से ही वे कुशाग्र बुद्धि के ऐसे मेधावी छात्र थे, जिन्होंने राजस्थान के सीकर कल्याण हाईस्कूल से अजमेर बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की तथा प्रथम स्थान पाकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसी क्रम में पिलानी राजस्थान से इन्टर एवं सनातन धर्म कॉलेज कानपुर से बी0 ए0 की परीक्षा प्रथम श्रेणी में प्राप्त की साथ ही प्रयागराज से बी0 टी0 की परीक्षा पास की। विलक्षण प्रतिभा, अभूतपूर्व स्मरण शक्ति एवं लेखन शैली के कारण उन्हें विद्यार्थी जीवन में सदैव छात्रवृत्ति मिलती रही।

साधारण शरीर, गोल चेहरा, विशाल आँखे, लंबी नाक, बडे-बड़े कान, विशाल भाल, भरी आवाज, सिर पर साधारण से लम्बे बाल। मोटे कपड़े का हल्का कुर्ता वैसी ही सफेद धोती, कभी-कभी उस पर शाल इस तरह का साधारण पहनावा, हमेशा कुछ-न-कुछ विचारों में चिन्तन में मग्न मुख भाव। सौम्य,आत्मीतापूर्ण रूप, भाषाणों मे अपने बारे में जानकारी कम से कम देना। भीड़ या मंच पर सामने प्रदर्शित न करने का स्वभाव। वक्ता, सेवक, पत्रकार,राजनीतिज्ञ साथ में चिन्तक। जीवनभर देश जनता और उसकी समस्या इन्हीं चिन्ता में मग्न। आजन्म ब्रहाचारी। स्नेह शील, विनोदप्रिय बच्चों से बूढो तक सभी के मित्र। मधुर वाणी, घमण्ड, बडप्पन प्रतिष्ठा को अपने पास फटकने न देने वाले पं. दीनदयाल उपाध्याय का ऐसा अभूतपूर्व व्यक्तित्व था। उनके भाषण एवं लेखन में मौलिक विचार रहा करते थे। वे रूचिपूर्ण भी होते थे। उनके विचारों को सुनते वाला संतुष्ट होता था। 'बातों में अमृत बरसना' यह सत्य प्रतीत होता था। पं. दीनदयाल उपाध्याय कुछ वाक्यों को बार-बार दोहराते हुए रहते थे। ये वाक्य थे- 'सोने वाला कलियुग का, बिस्तर से उठने वाला द्धापर का, उठकर खडे होने वाला त्रेता युग का और आगे चलने वाला कृतयुग का यह हमारा वैदिक यंत्र। इसलिए चलते रहो रहो, चलते रहो। चरैवेति, चरैवेति।'

वैदिक सूत्र चरैवेति, चरैवेति के प्रेरक पं. दीनदयाल उपाध्याय बिना रूके आगे और आगे चलते ही गए, कभी हार नही मानी, पीछे मुडकर नहीं देखा। ऐसा कहा जाता है कि दुनिया में अच्छे लोग जल्दी ही भगवान को प्यारे हो जाते है। 11 फरवरी 1968 की रात्रि में वे लखनऊ से पटना जा रहे थे। दूसरे दिन मुगलसराय स्टेशन पर कपड़ों से लपेटा उनका शव मिला। उनकी मृत्यु का समाचार सुनकर सारा राष्ट्र हतप्रद रह गया था ! भाव विभोर कार्यकर्ताओं एवं भारत के जनमानस का हदय फूट-फूट कर रो पड़ा। अनेक स्थानों पर श्रद्धांजलि दी गई। तत्कालीन भारत के गृहमंत्री चव्हाण ने उन्हें एक 'आदर्श नागरिक' कहकर श्रद्धांजलि दी। अटल बिहारी वाजपेयी, आचार्य जे.पी. कृपलानी, प्रो0 राजेन्द्र सिंह आदि अनेक लोगों के साथ पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गाँधी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा था – 'श्री उपाध्याय देश के राजनीतिक जीवन में एक प्रमुख भूमिका अदा करते थे। जनसंघ व कांग्रेस के बीच मतभेद चाहे जो भी हो मगर श्री उपाध्याय जी सर्वाधिक सम्मान प्राप्त नेता थे। उन्होंने अपना जीवन देश की एकता एवं संस्कृति को समर्पित कर दिया था।'

निष्कर्षत: महामनीषी पं. दीनदयाल उपाध्याय एक मौलिक चिंतक, आदर्श राजनेता, कुशल लेखक एवं पत्रकार थे। वे अन्तयोदय के पक्षकर एवं एकात्म मानव दर्शन के प्रणेता थे। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा की युगानुकूल व्याख्या करते हुए समाज को एकात्म मानव दर्शन जैसा अनूठा विचार दिया। उक्त विचार के बल पर उन्होंने भारतीय राजनीति में त्याग और शुचितापूर्ण राजनीति का आदर्श प्रस्तुत किया।

पं. दीनदयाल उपाध्याय की धार्मिक विचारधारा- सृष्टि के प्रारम्भ से लेकर आज तक विश्व के मानव के लिए सर्वाधिक पवित्र, पूज्य शब्द या विषय धर्म है। विश्व की सभी जातियाँ उपासना या पूजा पद्धति पर विश्वास रखती है। धर्म को अपना आधार बनाकर वैक्तिगत एवं सामाजिक जीवन का निर्धारण करती है। ये सभी लोग ईश्वरीय सत्ता में विश्वास रखते हुए उस

* अध्यापक (हिन्दी) शासकीय उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय, रघुराज क्र. – 2, शहडोल (म.प्र.) भारत

परमात्मा या स्वर्ग तक पहुंचने का एकमात्र मार्ग धर्म को मानते है। यह निर्विवाद सत्य है कि धर्म के प्रति मान्यता का सिद्धांत सृष्टि, व्यष्टि एवं समष्टि के जीवनकाल से प्रलय तक यथावत जारी रहेगा।

हमारे भारत देश की संस्कृतिक पृष्ठभूमि के आधार पर पं. दीनदयाल उपाध्याय लिखते है–

'धर्म में हमारा विश्वास केवल उसकी साधना के कारण नहीं। स्पष्ट है कि श्री उपाध्याय मानव जीवन के सम्पूर्ण विकास के लिए धर्म एवं धर्म पर आधारित आचरण को स्वीकार करते है। धर्म को अपने आचरण में उतारना, आचरण का अंग बनाना, सानद के कर्तव्य आधारित आधारभूत पुरूषार्थ है।

धर्म हमारा प्राण है – पं. दीनदयाल उपाध्याय जी ने धर्म को प्राण कहा है। उनके शब्दों में 'धर्म हमारा प्राण है।' पं. उपाध्याय जी राज्य की उत्पत्ति का कारण एक निश्चित लक्ष्य को प्राप्त मानते है और वह लक्ष्य है, धर्म की रक्षा तथा धर्म की स्थापना। अत: राज्य सर्वोपरि नहीं है बल्कि उसका लक्ष्य जिसके साथ उसका जन्म हुआ वह सर्वोपरि है जो राज्य का आदर्श हैं। उनका कथन है–

'राज्य राष्ट्र की रक्षा के लिए पैदा होता है। राष्ट्र के आदर्शों को व्यवहार में लाने या लाने की अवस्था पैदा करने तथा बनाये रखने के लिए पैदा होता है। राष्ट्र का आदर्श अर्थात् चिति गहन है। उसकी अभिव्यक्ति और व्यवहार के नियमों को राष्ट्र का धर्म कहते है। अत: महत्ता किसी चीज में है, तो वह धर्म की है, यदि हमारा प्राण कहीं है तो वह धर्म में है। धर्म गया कि प्राण गया इसलिए जिसने धर्म छोड़ा वह राष्ट्रच्युत हो गया।'

धर्म रिलीजन या मजहब नहीं – पं. दीनदयाल उपाध्याय धर्म को 'रिलीजन' या 'मजहब' के पर्याय के रूप में नहीं मानते है। उपासना पद्धति व्यक्तिगत धर्म का एक अंग है। मंदिर, मस्जिद, गुरूद्धारा, गिरिजाघर आदि लोगों के धर्माचरण का प्रभावी माध्यम रहा है।

'रिलीजन' अंग्रेजी शब्द का अनुवाद धर्म के रूप में करके लोगों ने धर्म को अत्यधिक विवादास्पद बना दिया है। श्री उपाध्याय जी के शब्दों में–

'अपने धर्म और जीवन का अज्ञान तथा यूरोपीय जीवन का अधिकाधिक ज्ञान हमारी शिक्षा का बिषय बन गया। फलत: रिलीजन के जितने सहचारी भाव हैं वे हमने धर्म पर आरोपित कर दियेय। वस्तुत: धर्म रिलीजन या पंथ या मत मजहब नहीं है, धर्म से प्रकृति तथा सृष्टि के साथ समाज, संस्कार एवं संस्कृति की धारणा होती है।

धर्म के तत्व शाश्वत, सनातन, सर्वव्यापी – भारतीय आध्यात्मिक चिंतको ने धर्म को शाश्वत, रूप में देखा है। उनके अनुसार प्रवृत्ति के शाश्वत नियम धर्म है। पं. दीनदयाल जी इसे सनातन, सार्वभौम तथा सर्वव्यापी रूप में देखा जिनका व्यवहार देशकाल, परिस्थिति सापेक्ष होता है। पं. उपाध्याय जी के शब्दों में –

'धर्म के जो नियम हैं , उनका व्यवहार समय के साथ युग के साथ बदलता रहता है, इसलिए देश काल के आधार पर इन नियमों का पालन करना चाहिए।'

पं.उपाध्याय जी के विचारों में उक्त नियमों मे कुछ तात्कालीक, कुछ अल्पकालिक तथा कुछ दीर्घकालिक हैं। उदाहरण के लिए किसी बैठक में यदि कोई बोल रहा है,जो सभा में उपस्थित लोगों का शांतिपूर्वक सुनना धर्म माना जाता है।

धर्म का आधार तर्क नहीं विश्वास है। इसका निर्धारण का मापदण्ड 'श्रद्धा' है। जो नीतिगत आचरण, सदव्यवहार, सदुपयोग, संस्कार, सहभागिता संस्कृति की कसौटी के मापदण्ड पर अन्याय, अत्याचार, अराजकता, असमाजिकता, उदण्डता, बेकारी, भुखमरी तथा बुराइयों से सतत युद्ध करने की प्रेरणा प्रदान करती है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने जीवन के इन नियमों को नीतिशास्त्र के नियम कहा है। वे लिखते है–

'जीवन के जो नियम होते है, इन नियमों को नीति शास्त्र के नियम कहते हैं। ये नियम कोई तय नहीं करता, ये नियम किसी ने बनाए नहीं हैं, ये नियम ढूँढे जाते हैं। इन नियमों का पालन, जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में न्यायपालिका का न्याय है, जिसमें न्यायाधीश हम स्वयं हैं'

आगे वे लिखते हैं–

'इस प्रकार के ढूँढकर निकाले हुए जो नियम हैं , उनको ही हमारे यहाँ पर धर्म कहा गया है। मानव जीवन को स्थिर करने वाला मानव जीवन की धारणा करने वाला और मैं इस समय मानवता की बात कर रहा हूँ, बाकी चीजें छोड़ रहा हूँ, धर्म का संबंध सबके साथ आता है, सम्पूर्ण सृष्टि के साथ आयेगा, जितने नियम हैं, सब धर्म हैं। उक्त धर्म का आधार लेकर हम सम्पूर्ण जीवन पर विचार करें'।

श्री उपाध्याय जी के विचारों का प्रत्यक्ष दर्शन हमें अपने देश के दो अवतारी महापुरूषों श्रीराम एवं श्रीकृष्ण के जीवन में तथा उनके द्धारा लडे गए युद्धों में अपनाए गए नीति तथा साध्य को प्राप्त करने के साधन के रूप में देखने को मिलता है।

राज्य की धारणा और धर्म – राज्य संस्था का निर्माण धर्म की स्थापना एवं उसकी रक्षा के लिए हुआ है। दूसरे शब्दों में कहे तो राज्य की धारणा धर्म में है। अत: राज्य का आदर्श एवं आराध्य तथा साध्य धर्म है। व्यक्ति का धर्म है कि राज्य के लिए वह सहयोगी हो। वस्तुत: हमारी संस्कृति, धर्म एवं धर्म की धारणा है जो राष्ट्रधर्म के रूप में परिलक्षित होती है। श्री उपाध्याय जी लिखते है–

'धर्म राज्य के व्यक्ति के विकास, उसके सुख और शांति में मजहब का स्थान स्वीकार करता है। इसलिए राज्य का यह कर्तव्य है कि वह ऐसी अवस्थाएं पैदा करे जिससे व्यक्ति अपने मतानुसार जीवन यापन कर सके, अपने मत को मानने की स्वतंत्रता में दूसरे के मत के प्रति सहिष्णुता स्वयमेव आता है।'

निष्कर्ष रूप से हम कह सकते है कि पं. दीनदयाल उपाध्याय द्धारा मानव कल्याण हेतु उद्धाटित धर्म का विचार दर्शन भारतीय संस्कृति की सुदृढ़ नींव पर आधारित है। धर्म भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण विशेषता है। भारतीय संस्कृति दूसरे मतावलंबियों के प्रति सहि सहिष्णुता का भाव रखती है। इस प्रकार हम यह पूर्ण विश्वास के साथ कह सकते है कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का धार्मिक विचारों का दर्शन भारत के साथ– साथ विश्व की समस्त समस्याओं के समाधान एवं विश्व शांति एवं मैत्री के संदर्भ में आज भी प्रासंगिक है और कल भी रहेगा इसी विश्वास के साथ.....

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. एकात्म मानव दर्शन एवं पाश्चात्य चिंतन – लल्लू सिंह (पूर्व विधायक) अर्चना प्रकाशन भोपाल 2001
2. दीनदयाल उपाध्याय– न. मध्वराव, अनुवादक के. आर. के, भारत भारती प्रकाशन नागपुर (महाराष्ट)

****

मोहन राकेश के नाटकों में सामाजिक यथार्थ

शक्ति नेमा *

शोध सारांश – मोहन राकेश के नाटकों में सामाजिक यथार्थ और मौलिकता का दिग्दर्शन होता है। वे एक सजग शिल्पी व आस्थावान रचनाकार थे और उनका समस्त लेखन गवाह है कि वे कभी भी अपने परिवेश से कटे नहीं। राकेश के नाट्य साहित्य में निरूपित स्थितियों का सीधा संबंध यथार्थ से है और यह यथार्थ उनके समय और परिवेश का यथार्थ है। व्यक्ति लाख प्रयत्न करे परन्तु वह आंतरिक संवेदना को छुए बिना न तो जीवन की विचित्रताओं से परिचित हो सकता है, न जीवन के सामाजिक यथार्थ से। राकेश जी के नाट्य साहित्य में हमें समाज के प्रति विद्रोह की भावना, सामाजिक समस्याओं के प्रति जागरूकता व सामाजिक रूढ़ियों और मान्यताओं के विरूद्ध पनपती एक टकराहट देखने को मिलती है। उन्होंने समाज में रहकर समाज की विभिन्न समस्याओं को स्वयं भोगा था, यही कारण है कि उनका सम्पूर्ण नाट्य साहित्य सामाजिक समस्याओं का पिटारा है।

शब्द कुंजी – भावना, समस्याएं, प्रेम, आधुनिकता, परिवेश, संवेदना।

प्रस्तावना – मनुष्य समाज में रहकर ही विभिन्न परिस्थितियों से अनुभव प्राप्त करता है। सुंदर मुखौटों में छिपी सामाजिक कुरूपता का परिचय मोहन राकेश को अपने जीवन काल में अनेक स्थलों पर हुआ। इनके नाटकों के कथ्यों में विसंगत परिस्थितियों में घुटते मानव का तनाव, साथ जीने की विवशता, अस्तित्व की तलाश व व्यक्ति का अकेलापन और द्वन्द्व देखने को मिलता है।

आषाढ़ का एक दिन, लहरों के राजहंस, आधे–अधूरे तथा पैर तले की जमीन (अपूर्ण) – ये चार नाटक मोहन राकेश ने लिखे। चौथे नाटक 'पैर तले की जमीन' को राकेश की मृत्य उपरान्त कमलेश्वर जी ने पूर्ण किया। 'आषाढ़ का एक दिन' और 'लहरों के राजहंस' का अतीत के कथानक से संबंध है। मोहन राकेश ने इन चारों नाट्य कृतियों में व्यक्ति के द्वारा विभिन्न संदर्भों में अपने अस्तित्व की सार्थकता की तलाश की है।

सामजिक यथार्थ का तात्पर्य है, समाज का सत्य। सामजिक समस्याओं, विषमताओं, भ्रष्टाचारों तथा व्यैक्तिक स्वार्थों से आक्रांत, पीड़ित समाज की दयनीय परिस्थितियों को उसके वास्तविक रूप में समाज के सामने प्रस्तुत करना सामाजिक यथार्थ का प्रधान लक्ष्य है। 'आषाढ़ का एक दिन' मोहन राकेश का सर्वप्रथम मौलिक तीन अंकी नाटक है। यह नाटक नाटकीय संघर्ष, कला और प्रेम, सृजनशील व्यक्तित्व और परिवेश, भावना और कर्म, कलाकार और राज्य आदि कई स्तरों को छूता है। यथार्थ का संघर्ष मल्लिका और कालिदास से आरंभ होकर मल्लिका और कालिदास की वास्तविकता के धरातल पर आकर समाप्त होता है। इनके प्रेम को गोविंद चालक जी ने इस प्रकार व्यक्त किया है –

'कालिदास के लिए मल्लिका अनेक मूल्यों में से एक मूल्य है। वह उसके लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर नहीं करता, किंतु मल्लिका के लिए वह सम्पूर्ण अस्तित्व है, एक बिना शर्त समर्पण और आत्मदान।'

नाटक में प्रेम त्रिकोण है। मल्लिका कालिदास से प्रेम करती है और विलोम मल्लिका से। मल्लिका की भावनाओं का, मानसिक आवेगों व कष्टों का निदर्शन इस नाटक में हुआ है। जिस घर में कोई पुरूष कर्ता नहीं होता केवल नारियां ही हों, उसके घर की हालत किस प्रकार बिगड़ती है, इसका यथार्थ चित्रण इस नाटक में हुआ है। मल्लिका की माँ भौतिकवादी यथार्थ में विश्वास करने वाली व्यवहारिक दृष्टि रखती है। मल्लिका का कालिदास के प्रति अटूट प्रेम देख वह चाहती है कि वे दोनों विवाह कर लें। किंतु समय कालिदास को उज्जयिनी का महाकवि बनाकर मल्लिका से दूर कर देता है। निस्वार्थ प्रेम को अभिव्यक्त करते हुए मल्लिका कहती है –

'आज जब उनका जीवन एक नयी दिशा ग्रहण कर रहा है, मैं उनके सामने अपने स्वार्थ की घोषणा नहीं करना चाहती।'

नाटक में कालिदास बड़ा क्षुद्र और आत्म केन्द्रित स्वार्थी व्यक्तित्व लेकर उभरा है। राज्य की ओर से सम्मान और निमंत्रण मिलने पर वह नहीं–नहीं करता हुआ उज्जैन चला जाता है। कश्मीर का शासक बनने पर गांव में आकर भी मल्लिका से मिलने नहीं आता और अंत में मल्लिका की दुःखद परिणति देखकर भी चुपचाप चला जाता है। कालिदास का मल्लिका से दूर चले जाने से निर्मित हुआ अभाव एवं अम्बिका की मल्लिका की चिंता में हुई मृत्यु दोनों घटनाएं मल्लिका तो तोड़ देती हैं और वह विलोम से जुड़ जाती है।

व्यक्ति को समय के साथ चलना पड़ता है। न तो वह उससे आगे भाग सकता है और न ही उससे पीछे रूक सकता है। विविध भाषाओं द्वारा मोहन राकेश ने आषाढ़ का एक दिन नाटक में हमारे समकालीन जीवन के परिवेश को यथार्थता से उद्घाटित किया है।

राकेश जी का दूसरा तीन अंकी नाटक 'लहरों के राजहंस' है। 'आषाढ़ का एक दिन' की भाँति इसका भी कथानक ऐतिहासिक है। नाटक में नाटककार ने अतीत के माध्यम से समसामयिक युग मानव की उलझन और आत्म संघर्ष को सम्प्रेषित किया है। नंद और सुंदरी के माध्यम से मानव मन की द्वन्द्वात्मक स्थिति और नर नारी कें अंतर्विरोध को पूर्ण संवेदना के साथ उजागर करना चाहा है। यह बौद्ध कालीन ऐतिहासिक परिवेश पर रचा गया है। नंद सुंदरी संबंधों का जिस प्रकार नाटककार ने विश्लेषित किया है, वह आधुनिकता व सामाजिक यथार्थ का ही परिणाम है।

लहरों के राजहंस के माध्यम से मुख्य पात्र नंद की अस्थिर मन: स्थिति

* शोधार्थी, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत

की ओर संकेत किया गया है। मोहन राकेश ने नंद सुंदरी को जिस प्रकार से प्रस्तुत किया है, वह पूर्णत: आधुनिक हैं। उनके संबंधों को जिस प्रकार विश्लेषित किया गया है, वह आधुनिकता और सामाजिक यथार्थ का ही परिणाम हैं। यह बौद्धकालीन ऐतिहासिक परिवेश के आधार पर रचा गया नाटक हैं। नंद के केश रहित मुख को देखकर सुंदरी अपने यथार्थ का सामना नहीं कर पाती। वह आहत होती है। नंद भी अपनी दिशा व दशा के संबंध में कुछ निश्चित नहीं कर पाता। इस प्रकार नाटक में अंत तक नंद की द्वन्द्व स्थिति बनी रहती है और नंद आधुनिक मानवीय यथार्थ का प्रतीक बन जाता है। नंद के माध्यम से आज के आधुनिक व्यक्ति के अस्तित्व की तलाश को सजीवता से प्रकट किया है।

नाटक में नंद और सुंदरी तथा गौतम बुद्ध के संबंध सामाजिक परिप्रेक्ष्य में स्त्री पुरूष के दाम्पत्य संबंधों को उजागर करते हैं। नंद सुंदरी या बुद्ध किसी के भी मार्ग को अपनाना नहीं चाहते। अपने लिए वह एक स्वतंत्र मार्ग चाहता है। नंद और सुंदरी के माध्यम से आधुनिक स्त्री पुरूष संबंधों की जटिलता, तनाव एवं नियति की विडम्बना को नाटकीय अभिव्यक्ति मिलती है।

'आधे-अधूरे' नाटक राकेश जी का बहुचर्चित नाटक है। यह समकालीन संवेदना को प्रकट करता है। मध्यमवर्गीय पारिवारिक जीवन के विभिन्न पहलुओं को नाटक में उभारा गया है। आर्थिक विषमता का प्रभाव पारिवारिक विघटन का कारण बनता है। वह केवल पति-पत्नि के संबंधों को ही विघटित नहीं करता बल्कि परिवार के अन्य सदस्यों के संबंधों के बीच भी कई दायरे डाल देता है। यह नाटक सामाजिक धरातल एवं यथार्थवादी शैली पर आधारित है।

नाटक में मानवीय असंतोष अधूरेपन को रेखांकित करता है। जीवन में जो व्यक्ति बहुत कुछ पाने की चाह रखता है वह प्रत्येक वस्तु नहीं पा सकता। नाटक की नायिका सावित्री को हर बार कुछ नया पाने की कोशिश में निराशा के साथ आधा-अधूरा ही हाथ लगता है। वह कहती है-

'सब के सब ..... सब के सब! एक से। बिल्कुल एक से है आप लोग। अलग-अलग मुखौटे पर चेहरा? चेहरा सबका एक ही।'

मोहन राकेश के नायकों की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता है - अपने समय और समाज की संवेदनाओं का प्रमाणिक रूप से उद्घाटन। इस नाटक में मोहन राकेश ने केवल मध्यमवर्ग के समृद्ध स्तरों के मानदण्डों और ढोगलेपन का पर्दाफाश नहीं किया, बल्कि महेन्द्रनाथ एवं उनके परिवार के माध्यम से निम्न-मध्यमवर्ग की महत्वाकांक्षा और पारिवारिक विघटन के कारण का भी चित्रण किया है।

बदलते परिवेश में आज के विडम्बनाग्रस्त मध्यमवर्गीय परिवार की तस्वीर प्रस्तुत करता यह नाटक मोहन राकेश की सामाजिक यथार्थ चेतना की गहरी पकड़ दर्शाता है।

राकेश जी का अंतिम और अपूर्ण नाटक है यपैर तले की जमीन', जिसका सिर्फ प्रथम अनुवर्तन राकेश ने लिखा है। दूसरा अनुवर्तन उनके नोट्स, दृश्यबद्ध के रेखाचित्रों और आधे-अधूरे संवादों के आधार पर उनके मित्र एवं सुप्रसिद्ध कथाकार कमलेश्वर द्वारा पूरा किया गया।

यह नाटक आधुनिक जीवन की विसंगति, अवसाद एवं घुटन को लेकर लिखा गया नाटक है। नाटककार ने समकालीन जीवन की समस्याएं - बेकारी, मूल्यों का विघटन, पूंजीपति वर्ग इत्यादि को इस नाटक में अभिव्यक्त किया है। नाटक में मृत्यु साक्षात्कार के क्षणों में व्यक्ति के भय, निरर्थकताबोध, पीडा, जीवन की चरम व गहन अनुभूति को प्रमाणित किया गया है।

सामाजिक यथार्थवादी रूपबंध पर आधारित यह नाटक वर्तमान जीवन की सामयिकता, विसंगति और आधार हीनता को मार्मिक रूप से प्रदर्शित करता है। यह नाटक जीवन की उस विसंगति का जहां आधारभूत आस्थाएं और परम्परागत विश्वास भूमिगत हो चुके हैं, जहां धर्म और नीति की मान्यताएं ध्वस्त हो चुकी है जिसके कारण मनुष्य जीवन की निरर्थकता, अजनबीपन और यंत्रणा को असहाय ढो रहा है, का सजीव चित्रण है।

'पैर तले की जमीन' किसी पात्र विशेष की केन्द्रीय धुरी पर आधारित नहीं है, बल्कि यह नाटक स्थिति प्रधान है और वह स्थिति अचानक आयी बाढ़ से उत्पन्न हो जाती है। मृत्यु को सामने देखकर सभी चरित्रों के चेहरों से एक-एक करके मुखौटा उतरने लगते हैं।

सुंदरलाल कथुरिया ने लिखा है-

'वर्तमान जीवन की विसंगतियों के कारण मनुष्य अजनबीपन, जीवन की निरर्थकता और बेतुकेपन की यंत्रणा का असहाय बोझ ढो रहा है। नाटक में इस पृष्ठभूमि पर वर्तमान जीवन की सामयिकता, विसंगति और आधारहीनता मार्मिक रूप से रेखांकित हुई है।'

मनुष्य को उसके वास्तविक रूप का बोध कराने वाला यह नाटक अपने आप में जीवन की विसंगतियों का जीवंत प्रतीक है। मोहन राकेश के नाट्य साहित्य के सभी चरित्र जीवंत हैं और वर्तमान जीवन में मनुष्य के अस्तित्व की ओर उद्घाटित करने में सक्षम हैं। राकेश जी ने यथार्थ जीवन को तटस्थता के साथ प्रस्तुत किया है। इनके नाटक आधुनिक मनुष्य की विसंगतियों, समाज के खोखलेपन, राजनीतिक तथा अन्य क्षेत्रों में आने वाली निष्क्रियता एवं भ्रष्टाचार की ओर संकेत करते है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. आधुनिक नाटक का मसीहा - डॉ. गोविंद चातक, पृष्ठ -47,48
2. आषाढ़ का दिन - मोहन राकेश, पृष्ठ-25
3. लहरों के राजहंस - मोहन राकेश, पृष्ठ -76
4. आधे-अधुरे- मोहन राकेश, पृष्ठ- 93
5. नाटककार मोहन राकेश-डॉ. सुंदरलाल कथूरिया, पृष्ठ- 197

****

राष्ट्रीय आन्दोलन और भारतीय पत्रकारिता

डॉ. गुरविन्दर सिंह गिल *

प्रस्तावना – 1857 का स्वतंत्रता संग्राम असफल होने के बावजूद भारतीयों का उत्साह कम नहीं हुआ। उनके इस आत्मविश्वास और उत्साह में भाषायी पत्रों का योगदान महत्वपूर्ण था।[1] भारत का शासन कम्पनी के हाथ से ब्रिटिष पार्लियामेंट के हाथ में चला गया। सरकार की नीति में उदारता अब भी नहीं थी। समाचार–पत्रों पर पुन: प्रहार हुआ और 13 जून, 1857 को लार्ड केनिंग के गलाघोंटू प्रेस एक्ट को प्रेस सम्बन्धी एक कानून बनाकर स्वाधीनता कुंठित कर दी गई। सन् 1829 में राजाराममोहन राय ने साप्ताहिक 'बंगदूत' का प्रकाशन किया।[2] राजाराममोहन राय द्वारा प्रवर्तित भारतीय सांस्कृतिक आन्दोलन निरन्तर प्रगति कर रहा था और उसका नेतृत्व कर रहे थे– रामकृष्ण परमहंस, ब्रह्मानंद केशवचंद्र सेन, दयानंद सरस्वती और विवेकानंद। रामकृष्ण परमहंस अत्यन्त सरल थे। उनका कोई समुदाय नहीं था और शैव, शाक्त, वैष्णव, तांत्रिक सभी सम्प्रदायों में वे दीक्षित थे। रामकृष्ण ने अपने युग के श्रीमंतों को पीड़ित और भूखे समुदाय की सहायता के लिए प्रेरित किया।

